Re: Need to review the Agnipath Scheme-laid

श्री हनुमान बेनीवाल **(नागौर):** भारतीय सेना में अग्निपथ योजना के माध्यम से अग्निवीरो की संविदा भर्ती करने की शुरू की गई योजना को युवाओ के हित में बंद करने की मांग की तरफ प्रधानमंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा । अग्निपथ योजना के माध्यम से सेना मे संविदा भर्ती का निर्णय किस भी दृष्टि से सही नही है । यह निर्णय न तो सेना मे जाने के इच्छुक युवाओं के हित मे है और न ही सेना के लिए सही है । केंद्र के इस फ़ैसले के विरोध में देश भर के युवा आक्रोशित है,क्योंकि अग्निपथ के माध्यम से ली जाने वाली भर्ती मे सेवा के चार वर्षो के बाद युवाओं के भविष्य पर भी सवालिया निशान है और इस योजना के तहत भर्ती होने वालो को न तो कोई रेंक मिलेगी, न ही कोई प्रमोशन मिलेगा और न ही कोई पेंशन मिलेगी और चार वर्षो के बाद किसी को रिटायर करके सरकार भेजेगी तो उसका आगे का भविष्य कैसे सुनिश्चित होगा यह चिंता का विषय है,देश की रक्षार्थ शहीद हुए अग्निवीरो को वो सम्मान नहीं मिला जो एक शहीद को मिलना चाहिए था, इसलिए अग्निपथ के स्थान पर पूर्व की भांति नियमित भर्ती हेतु सेना भर्ती रैलिया बहाल की जाये ।